भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 552**

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

**आंध्र प्रदेश में दुर्घटना-प्रवण स्थल**

552. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में गत दस वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर आंध्र प्रदेश में राज्यवार और जिलावार, विशेष रूप से बापतला संसदीय क्षेत्र में दुर्घटना- प्रवण स्थलों (ब्लैकस्पॉट्स) पर कितनी मौतें हुई हैं;

(ख) क्या सड़क हताहतों की संख्या के आधार पर दुर्घटना- प्रवण स्थलों का वर्गीकरण किया गया है और यदि हां, तो राज्यवार और श्रेणीवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा गत पांच वर्षों में देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना- प्रवण स्थलों के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया गया है और विशेष रूप से बापतला संसदीय क्षेत्र सहित आंध्र प्रदेश में उक्त दुर्घटना- प्रवण स्थल को कम करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) आंध्र प्रदेश में जिलावार और बापतला संसदीय क्षेत्र में विकसित की गई अवसंरचना, की गई पहलों और उक्त प्रयोजन के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है और सड़क दुर्घटनाओं में हताहतों की संख्या पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है;

(ङ) गत पांच वर्षों में उक्त दुर्घटना- प्रवण क्षेत्रों के साथ कितनी संख्या में एम्बुलेंस लगाई गई हैं; और

(च) क्या राष्ट्रीय राजमार्गों पर पुलिस व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क सुरक्षा पुलिस गठित करने का प्रस्ताव है

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

**(**क) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार**,** सड़क दुर्घटनाएँ बहु-कारणीय घटनाएं हैं और विभिन्न कारकों के परस्पर प्रभाव का परिणाम हैं। इन्हें मोटे तौर पर (**i)** मानवीय भूल**, (ii)** सड़क की स्थिति/पर्यावरण और (**iii)** वाहनों की स्थिति में वर्गीकृत किया जा सकता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर**,** कैलेंडर वर्ष **2013** से **2022** तक देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कुल **5,30,529** मौतें हुईं। राज्य-वार विवरण अनुबंध-**I** पर संलग्न हैं।

**(**ख) केंद्र सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में दिनांक **28.10.2015** के कार्यालय ज्ञापन संख्या आरडब्ल्यू/एनएच/**15017/109/2015/**पी एंड एम **(**आरएससीई**)** के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट की पहचान और सुधार के लिए प्रोटोकॉल परिभाषित और निर्धारित किया है। निर्धारित परिभाषा के अनुसार**,** राष्ट्रीय राजमार्ग के लगभग **500** मीटर लंबे खंड में सड़क दुर्घटना ब्लैक स्पॉट है**,** जहां पिछले **3** कैलेंडर वर्षों के दौरान या तो **5** सड़क दुर्घटनाएँ (सभी तीन वर्षों में मिलाकर मृत्यु/गंभीर चोटें) हुई हैं या पिछले **3** कैलेंडर वर्षों के दौरान **10** मौतें (सभी तीन वर्षों में मिलाकर) हुई हैं।

सरकार ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराए गए सड़क दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट/दुर्घटना स्थलों की पहचान और सुधार को उच्च प्राथमिकता दी है। स्थल की आवश्यकता के अनुसार सरकार अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपचारात्मक उपाय करती है। अल्पकालिक उपायों में सड़क चिह्नांकन, संकेतक, क्रैश बैरियर, फुटपाथ पर ऊंचे चिह्न, परिसीमनकर्ता, मध्यमार्गों को बंद करना, यातायात को नियंत्रित करने के उपाय आदि शामिल हैं। दीर्घकालिक सुधारात्मक उपायों में सड़क ज्यामितीय में सुधार, जंक्शन सुधार, कैरिजवे का चौड़ीकरण, अंडरपास/ओवरपास का निर्माण आदि शामिल हैं।

**2016-18, 2017-19, 2018-20, 2019-21** और **2020-22 (25** राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र) के क्रम के राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल **13,795** ब्लैक स्पॉट्स की पहचान की गई है।**13,795** ब्लैक स्पॉट्स में से **10,733** ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक उपाय पूरे कर लिए गए हैं और **4,777** ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक सुधारात्मक उपाय पूरे कर लिए गए हैं।

**(**ग) सभी राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) का सड़क सुरक्षा लेखापरीक्षा (ऑडिट) (आरएसए) सभी स्तरों अर्थात् डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव आदि पर अन्य पक्ष के लेखा परीक्षकों/विशेषज्ञों के माध्यम से अनिवार्य कर दिया गया है। ऑडिट के निष्कर्षों के अनुसार आवश्यक उपाय किए जाते हैं। वित्त वर्ष **22-23** से वित्त वर्ष **24-25 (31.12.2024** तक) के दौरान **95,256** किलोमीटर रारा का सड़क सुरक्षा ऑडिट पूरा हो चुका है।

**(**घ) आंध्र प्रदेश में ब्लैक स्पॉट्स का जिला-वार ब्यौरा, ब्लैक स्पॉट्स के सुधार के लिए की गई पहल का विवरण अनुबंध-**II** पर संलग्न है।

**(**ड.) आंध्र प्रदेश में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल **87** एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। इनमें से **61** एम्बुलेंस राष्ट्रीय राजमार्गों के उन हिस्सों पर तैनात की गई हैं जहां ब्लैक स्पॉट हैं।

**(**च) केंद्र सरकार ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सितंबर, **2022** में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पुलिस के तहत एक समर्पित राजमार्ग पुलिस विभाग गठित करने की सलाह दी है।

**अनुबंध-।**

**'आंध्र प्रदेश में दुर्घटना-प्रवण स्थल' के संबंध में श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी द्वारा दिनांक 06.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 552 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**कैलेंडर वर्ष 2013 से 2022 तक राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटना में हुई मौतों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु की संख्या |
|---|---|---|
| **1** | आंध्र प्रदेश | **33,114** |
| **2** | अरुणाचल प्रदेश | **560** |
| **3** | असम | **14,596** |
| **4** | बिहार | **27,701** |
| **5** | छत्तीसगढ़ | **13,519** |
| **6** | गोवा | **1057** |
| **7** | गुजरात | **20,543** |
| **8** | हरियाणा | **18,561** |
| **9** | हिमाचल प्रदेश | **4,249** |
| **10** | झारखंड | **12,731** |
| **11** | कर्नाटक | **37,983** |
| **12** | केरल | **12,103** |
| **13** | मध्य प्रदेश | **28,187** |
| **14** | महाराष्ट्र | **39,006** |
| **15** | मणिपुर | **866** |
| **16** | मेघालय | **906** |
| **17** | मिजोरम | **312** |
| **18** | नगालैंड | **260** |
| **19** | ओडिशा | **18,833** |
| **20** | पंजाब | **16,867** |
| **21** | राजस्थान | **37,550** |
| **22** | सिक्किम | **298** |
| **23** | तमिलनाडु | **59,669** |
| **24** | तेलंगाना | **21,045** |
| **25** | त्रिपुरा | **805** |
| **26** | उत्तराखंड | **4,824** |
| **27** | उत्तर प्रदेश | **75,897** |
| **28** | पश्चिम बंगाल | **21,064** |
| **29** | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | **79** |
| **30** | चंडीगढ़ | **154** |
| **31** | दादर और नगर हवेली* | **9** |
| **32** | दमन और दीव** | **10** |
| **33** | दिल्ली | **2,462** |
| **34** | जम्मू और कश्मीर **$** | **3,622** |
| **35** | लद्दाख **#** | **57** |
| **36** | लक्षद्वीप | **0** |
| **37** | पुदुच्चेरी | **1,030** |
| | **जोड़** | **5,30,529** |

**नोट -** * दमन और दीव के आंकड़े **2020** से दादरा और नगर हवेली में शामिल किया गया है

** **-** वर्ष **2013** से **2019** तक के आंकड़े

**$ -** इसमें वर्ष **2013** से **2020** तक का लद्दाख का आंकड़ा शामिल है

**# -** वर्ष **2021** और **2022** के लिए आंकड़ा।

अनुबंध-।।

**'आंध्र प्रदेश में दुर्घटना-प्रवण स्थल' के संबंध में श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी द्वारा दिनांक 06.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 552 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैकस्पॉट्स के सुधार और इसके लिए निधियों के उपयोग का जिला-वार विवरण**

| क्र. सं. | जिला | ब्लैक स्पॉट्स की सं. | सुधारे गए ब्लैकस्पॉट्स की जिला-वार संख्या | | | | | आवंटित धनराशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अल्पकालिक उपाय | 2/4/6 लेन में उन्नयन | वीयूपी/ फ्लाई ओवर | सर्विस रोड | जंक्शन सुधार | | |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | अनकापल्ली | 32 | 21 | 0 | 6 | 1 | 0 | 142.00 | 142.00 |
| 3 | अनंतपुरामु | 62 | 55 | 1 | 0 | 0 | 1 | 8.90 | 8.90 |
| 4 | अन्नमय्या | 29 | 26 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3.98 | 3.40 |
| 5 | बापतला | 12 | 6 | 3 | 0 | 0 | 4 | 80.74 | 18.92 |
| 6 | चित्तूर | 32 | 8 | 26 | 0 | 0 | 0 | 169.17 | 158.07 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 33 | 5 | 3 | 0 | 2 | 3 | 55.97 | 55.97 |
| 8 | एलुरु | 41 | 13 | 18 | 0 | 0 | 4 | 2.47 | 2.47 |
| 9 | गुंटूर | 30 | 22 | 3 | 0 | 1 | 0 | 11.29 | 6.61 |
| 10 | काकीनाडा | 61 | 24 | 8 | 1 | 2 | 9 | 47.21 | 47.21 |
| 11 | कोनासीमा | 16 | 5 | 1 | 0 | 1 | 2 | 10.31 | 10.31 |
| 12 | कृष्णा | 78 | 7 | 65 | 2 | 0 | 0 | 59.97 | 59.97 |
| 13 | कुरनूल | 41 | 33 | 0 | 2 | 0 | 0 | 48.73 | 48.73 |
| 14 | नांदयाल | 27 | 24 | 0 | 3 | 0 | 0 | 71.74 | 71.74 |
| 15 | एनटीआर | 80 | 68 | 8 | 8 | 0 | 0 | 11.47 | 11.47 |
| 16 | पलनाडु | 10 | 9 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2.25 | 2.25 |
| 17 | पार्वतीपुरम मन्यम | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.80 | 0.00 |
| 18 | प्रकाशम | 24 | 26 | 0 | 0 | 0 | 0 | 35.26 | 1.12 |
| 19 | श्री पोट्टीश्रीरामुलु नेल्लोर | 68 | 50 | 2 | 0 | 0 | 1 | 70.665 | 6.02 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 22 | 16 | 4 | 0 | 0 | 0 | 2.87 | 2.87 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 48 | 19 | 8 | 21 | 0 | 0 | 511.9 | 511.9 |
| 22 | तिरुपति | 20 | 18 | 13 | 1 | 0 | 0 | 52.00 | 52.00 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 66 | 57 | 4 | 5 | 0 | 0 | 143.10 | 143.10 |
| 24 | विजयनगरम | 28 | 16 | 9 | 3 | 0 | 0 | 95.20 | 90.00 |
| 25 | पश्चिमी गोदावरी | 28 | 19 | 1 | 0 | 0 | 3 | 10.11 | 10.11 |
| 26 | वाईएसआर | 60 | 54 | 7 | 0 | 0 | 1 | 183.86 | 183.86 |
| जोड़ | | 955 | 627 | 187 | 52 | 7 | 28 | 1831.96 | 1649.00 |

******